ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द, प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	3 DAYS 100/-	15 DAYS 500/-	1 MONTH 1000/-
डिस्प्ले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS 500/-	7 DAYS 1800/-	1 MONTH 3000/-
कोर्ट नोटिस	आकार 12×4 Sq. C.M. रूपये 1200/-, 18×4 Sq. C.M. 1800/-		
पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-	
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-	
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-	
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate		
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द	Rs. 500/-		

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

आईटीएम में हुआ नौ शैलियों पर आधारित 'सर्वेशम भारतम' समूह नृत्य

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 12 अप्रैल. आईटीएम यूनिवर्स ग्वालियर (आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर, आईटीएम ग्वालियर, आईटीएम ग्लोबल स्कूल और आईटीएम हॉस्पिटल) द्वारा 'भारतीय ज्ञान परम्परा अध्ययन पीठ के अंतर्गत' आईटीएम नृत्य महोत्सव-3 में द्वितीय और अंतिम दिवस मेत्रेयी पहाड़ी, लोक छंद संस्कृति दिल्ली के 30 कलाकारों की टीम द्वारा 'सर्वेशम भारतम' समूह नृत्य प्रस्तुत किया। यह समूह नृत्य भारतीय शास्त्रीय विद्याओं की नौ शैलियों पर आधारित होने के साथ ही संस्कृति-कला प्रेमी और रसिकजनों को मंत्रमुग्ध करने देने वाला रहा। इस अवसर पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के फाउंडर चांसलर श्री रमाशंकर सिंह जी, चांसलर श्रीमती रूचि सिंह, प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय, रजिस्ट्रार डॉ. ओमवीर सिंह, डॉ. मीनाक्षी मजूमदार, डायरेक्टर, आईटीएम सहित छात्र-छात्राएं और ग्वालियर शहर और अंचलभर के संस्कृति-कला प्रेमी और रसिकजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

समूह नृत्य का शुभारंभ मेत्रेयी पहाड़ी, लोक छंद संस्कृति दिल्ली से आए कलाकारों द्वारा कथक-छाउ पर आधारित कबीर के दोहों के साथ गुरु को समर्पित मनमोहन नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस प्रस्तुति

में कलाकारों ने जहां कथक कर कथावाचन, ताली, घुंघरू और लयकारी व तेज पाद संचालन कर सूफी दर्शन के साथ छाउ नृत्य कर वीर कथाओं को मयूरभंजन, पुरुलिया, सरायकेला के माध्यम से शक्ति पूजा का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

भारतीय शास्त्रीय संगीत में जो रिदिम है, जो कलर है वह ही हमें आगे बढ़ाता है : मेत्रेयी पहाड़ी

नृत्यांगना मेत्रेयी पहाड़ी (निदेशक : लोक छंद संस्कृति, दिल्ली) ने विशेष वार्ता के दौरान कहा कि तानसेन की नगरी ग्वालियर भारतीय शास्त्री संगीत के क्षेत्र में अलग ही पहचान रखती है। पहली बार यहां आकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि आईटीएम यूनिवर्स ग्वालियर भारतीय शास्त्रीय संस्कृति को युवा पीढ़ी को हस्तांतरित करने का बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सेर्वशम भारत का अर्थ है सबका भारत। यानी ऐसा भारत जो सभी राज्यों, संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं को एक सूत्र में बांधता है। यह प्रस्तुति भारत के विभिन्न हिस्सों की नृत्य और संगीत परंपराओं को एक मंच पर लाकर भारत की एकता में अनेकता की भावन को सजीव करती है। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि भारतीय शास्त्रीय संगीत में जो रिदिम है, जो कलर है वह ही हमें आगे बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां जो संस्कृति है उसे बाहर जाकर आपको भूलना नहीं है बल्किए उसका प्रदर्शन कर उत्सव मनाना चाहिए। सभी कलाकारों का स्वागत एवं प्रमाण पत्र वितरण आईटीएम यूनिवर्सीटी ग्वालियर की चांसलर श्रीमती रूचि सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन सुप्रसिद्ध उद्घोषिका श्रीमती तूलिका शर्मा ने किया।

पाटणकर चौराहे पर डीजे बजा रहे लोगों का पुलिस से विवाद

ग्वालियर। कोतवाली के अंतर्गत पाटणकर चौराहे पर डीजे की करीब 10 पेटी लगाकर साउंड बजा रहे लोगों को कोतवाली प्रभारी मोहिनी मिश्रा ने रोका तो वह थाना प्रभारी से ही बहस करने लगे। कोतवाली प्रभारी ने थाने से फोर्स बुलाकर सभी पेटियों को हटाया और डीजे संचालक को हिदायत दी कि ऐसे किसी भी चौराहे पर ऐसी प्रक्रिया ना करें जिससे लोगों को परेशानी हो। डीजे हटते ही वहां पर लगे जाम को भी थाना प्रभारी ने खुलवाकर शासन की गाइडलाइन का पालन कराया।

पत्रकार अनुराग को मातृ शोक

ग्वालियर. वरिष्ठ पत्रकार अनुराग उपाध्याय की माताजी के निधन पर सामाजिक न्याय एवं उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

न्यू ब्यूटी डायर्स एण्ड ड्रायक्लीनर्स
पटेल नगर, सिटी सेंटर
फोन :9399342455

न्यायालय माननीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश महोदय ग्वालियर मध्य प्रदेश

प्रकरण क्रमांक MJCR 800/2024
श्रीमती प्रियांशु जादौन आवेदिका
बनाम
शिवम जादौन अनावेदक
प्रेषिती

शिवम जादौन पुत्र स्व. श्री अशोकपाल सिंह जादौन आयु लगभग 29 वर्ष व्यवसाय- टूर एण्ड ट्रैवल्स एजेन्सी संचालक निवासी- सूरज नगर कॉलोनी सागरताल बहोड़ापुर ग्वालियर मध्य प्रदेश स्थाई निवास- ग्राम घुरघान थाना दिमनी तहसील अम्बाह जिला मुरैना मध्य प्रदेश।

आपके विरूद्ध श्रीमती प्रियांशु जादौन उर्फ कुमकुम पत्नी श्री शिवम जादौन पुत्री श्री अरविन्द सिंह सेंगर निवासी- सूरज नगर कॉलोनी सागरताल बहोड़ापुर ग्वालियर मध्य प्रदेश हाल निवासी- ए-42 शताब्दीपुरम भिण्ड रोडग्वालियर मध्य प्रदेश द्वारा धारा 144 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत प्रकरण संस्थित कियाझ्झ गया है जिसमें आपकी उपस्थिती हेतु बार बार तलवाना दिये जाने वाद भी आपकी उपस्थिती सुनिश्चित नहीं हो पा रही है इसलिये आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर एवं पेशी दिनांक 15.05.2025 तक प्रकरण का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस प्रकरण से संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपकी प्रतिरक्षा का समर्थन करते हो लिखित कथन के साथ सूची अनुसार प्रस्तुत करें आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो प्रकरण की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निबटारा आपकी अनुपस्थिती में किया जावेगा साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावे। यह आज तारीख 11.4.2025 को मेरे हस्ताक्षर से एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया

न्यायालय की मुद्रा,
(श्रीमती सविता सिंह)
द्वितीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय, ग्वालियर (म.प्र.)

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.03.2025 को मूल विक्रय पत्र दिनांक 31.05.1982 दस्तावेज नं. 448 जो कि अहीरन टोला झांसी मोहल्ला भिण्ड में स्थित मकान का रहा. उक्त विक्रय पत्र रामाबाई बेवा मोहरमन ने श्रीमती विजयकुमारी पत्नी प्रेमप्रकाश शुक्ला निवासी पिनाहट के हक में था। उक्त मूल विक्रय पत्र किसी को मिला हो तो सूचनाकर्ता को उसके पते पर उपलब्ध करावें, उसे उचित इनाम दिया जावेगा। यदि उक्त दस्तावेज, बैंक, संस्था, या फायनेन्स कम्पनी अथवा प्राइवेट व्यक्ति के यहां रहन वय या बन्धक है तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन के 8 दिवस के अन्दर सप्रमाण सूचनाकर्ता को अवगत कराया जावे. अन्यथा यह माना जावेगा कि मूल विक्रय पत्र गुम हो गया है तथा वह किसी भी प्रकार से रहन वय या बंधक नहीं है।

दिनांक 12.04.2025
सूचनाकर्ता
गौरव सोनी पुत्र घनश्याम सोनी निवासी अहीरन टोला, झांसी मोहल्ला भिण्ड (म.प्र.) मोबाइल नं. 8839517160

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि साझेदारी फर्म मैसर्स श्री बिहारीजी स्टोन क्रेशर GL-582 k दीनदयाल नगर, भिण्ड रोड, ग्वालियर म.प्र. जिसका पंजीयन क्रमांक 02/42/01/0272/19 दिनांक 05.02.2019 है। जिसमें दिनांक 08.04.2025 को इस साझेदारी फर्म में संशोधन कर नवीन पक्षकार श्री ब्रजराज शुक्ला पुत्र श्री राजकुमार शुक्ला आयु 41 निवासी BM 226 दीनदयाल नगर ग्वालियर जो कि नवीन साझेदार के रुप में शामिल हो गये हैं तथा भविष्य में फर्म से संबंधित किसी भी प्रकार के लेन-देन या अन्य कार्यों में अपने शेयर के मुताबिक शेष साझेदार व नवीन साझेदार जिम्मेदार होंगे और व फर्म के चालू रहने वाले अन्य साझेदार को स्वीकार है।

मैसर्स श्री बिहारीजी स्टोन क्रेशर
पंकज दुबे (पार्टनर)

नृत्य और गीत गाकर किया आदिदेव को खुश

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 12 अप्रैल. उरांव एवं अन्य आदिवासी समाज संगठन समिति के तत्वाधान में शनिवार को आदिवासी समाज का मुख्य पर्व सरहुल (खद्दी पर्व) शहर में पारंपरिक तरीके से मनाया गया। इस मौके पर सरना माय धरती माता का देव स्थान जिगसोली में पारंपरिक तरीका से पूजा अर्चना की गई। साथ ही मांदर की थाप पर समाज के लोगों ने मनोहारी नृत्य प्रस्तुत किया।

उरांव समाज के सचिव रामेश्वर राम पटेल ने बताया कि सरहुल पर्व के अवसर पर सुबह जिगसोली स्थित सरना स्थल पर पुजारी रघुवीर भगत ने सरई फूल व पवित्र जल से सरना देव और चाला अयंग देवी की पूजा की। शाम को

किरार भवन, गांधी रोड में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उरांव आदिवासी समाज के युवक युवतियों ने नृत्य, गीत गाकर आराध्य देव आदिदेव को खुश किया। इसके बाद संस्था के संरक्षक महेश राम भगत, अध्यक्ष जगपति भगत, सचिव रामेश्वर राम पटेल, कोषाध्यक्ष जतरु भगत, उप सचिव गुरुचरण राम भगत, बैगा रघुवीर भगत, विजेंद्र कुमार भगत, सुखदेव भगत, मंगल भगत, जिरमाईत भगत, पतरु राम भगत, कमला भगत ने समाज को संबोधित किया। वहीं रात में भक्तों ने माता पार्वती की विधि विधान से पूजा की और रात्रि जागरण किया। इस दौरान चांद तारों का गुणगान किया। कार्यक्रम में बोलवा राम निकुंज, राजकुमार भगत, पारसनाथ भगत, श्याम प्रसाद भगत, भिन्सू राम भगत, संजीता भगत, गेंदो भगत, लालमन्ती भगत, जीवान्ती भगत, जगदीश भगत, पतरू राम भगत, वासुदेव भगत, निर्मल भगत, सतीश भगत, रामेश्वरी भगत, ऊषा भगत, राखी भगत, पीताम्बर भगत आदि उपस्थित थे। आभार अध्यक्ष जगपति भगत ने व्यक्त किया।

अब शुरू करेंगे बुवाई-पटेल

इस अवसर पर संस्था के सचिव रामेश्वर राम पटेल ने बताया कि उरांव जनजाति समाज के झंडे का रंग सफेद होता है, जिसमें लाल रंग से चांद और सूरज बने होते हैं। झंडे का सफेद रंग शांति का एवं उसमें दिया लाल रंग शौर्य व मेहनत का प्रतीक है। सरना पूजा के पश्चात ही खेतों में खाद देना एवं बीज की बोने का कार्य किया जाता है।

एक नजर में

ग्राम इटमा में खूनी खेल, पुलिस ने दर्ज की मनगढ़ंत रिपोर्ट

ग्वालियर। किसान नेता सुग्रीव सिंह एवं माकपा के अखिलेश यादव ने बताया कि ग्राम इटमा थाना करैया जिला ग्वालियर में हाकिम सिंह कुशवाहा अपनी गेहूं की खड़ी फसल गीता गोमती लड़की मिथलेश के साथ काट रहा था तभी जगदीश पंजाब हल्के संजय रावत बीके रावत परमार रावत प्रवेश रावत माधव रावत शुभम रावत आदि 20 25 साथियों के साथ आए और हकीम के साथ खेत की फसल काटने का विवाद करने लगे जब हाकिम ने कहा कि यह खेत तो मेरा है तभी सभी ने एक राय होकर उनकी गंभीर मारपीट की जिससे हकीम के दोनों पैर टूट गए एवं गीता गोमती की भी लात घुसा एवं लाठी डंडों से मारपीट की तथा मिथिलेश के साथ छेड़छाड़ कर मोवायल व मंगल सूत्र छीन लिया। करैया थाना प्रभारी ने झूठी रिपोर्ट आरोपियों से मिल कर दर्ज कर ली। मनगढ़ंत कहानी बनाकर पूनम के नाम से एफआईआर काट दी जबकि उसके पति की गंभीर मारपीट खेत से 2 किलोमीटर दूर घर पर की गई थी जिसका कोई जिक्र नहीं है। इस संपूर्ण घटनाक्रम को लेकर सुग्रीव सिंह व अखिलेश यादव ने पुलिस अधिकारी निरंजन शर्मा से मुलाकात की। आज निरंजन शर्मा ने जांच करने के आदेश एसडीओपी भितरवार को दिए हैं। दो दिन के अंदर अगर जांच में आरोपियों के खिलाफ 307 एवं घर मे घुसकर मारपीट की धाराओं के तहत तथा मिथलेश के साथ की गई छेड़छाड़ की धारा नहीं लगाई गई तो मंगलवार 15 अप्रैल को एसपी ऑफिस पर घेराव किया जाएगा।

ग्वालियर में मई से होगी चार फिल्मों की शूटिंग

ग्वालियर। ग्वालियर में मई महीने के बाद 4 बड़ी फिल्मों की शूटिंग होगी। इनमें साउथ और हॉलीवुड फिल्म भी शामिल हैं। ग्वालियर और बुंदेलखंड के लाइन प्रोड्यूसर लालू राजावत ने बताया कि फिल्म निर्माताओं को शूटिंग के लिए सबसे ज्यादा ग्वालियर किला पसंद आ रहा है। इसके अलावा चिड़ियाघर का क्षेत्र और आसपास का जंगल शूट के लिए चुना जा रहा है। शुरुआत मई के अंत से अरबाज खान और अदा शर्मा की विसर्जन फिल्म के शूट से होगी। इसके बाद अन्य फिल्में शूट की जाएंगी, जिनके नाम अभी ओपन नहीं हुए हैं।

आज बाबा साहब की 12 प्रतिमा स्थलों पर डॉ. सिकरवार करेंगे माल्यार्पण

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 12 अप्रैल. ग्वालियर से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार आज 13 अप्रैल को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ग्वालियर पूर्व विधानसभा में 12 स्थानों पर स्थापित संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करेंगे। माल्यार्पण कार्यक्रम के पश्चात् सभी स्थानों पर समता भोज का भी आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी आज विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने दी। डॉ. सिकरवार ने बताया कि ग्वालियर पूर्व विधानसभा के वार्ड क्रमांक 18 में सुबह 9 बजे अम्बेडकर पार्क दीनदयाल नगर, वार्ड क्रमांक 21 में सुबह 10 बजे कबीर आश्रम विवेक नगर आसमानी माता मंदिर के सामने मेला के पास, वार्ड क्रमांक 22 में सुबह 10:30 बजे सुजाता बुद्ध विहार मरघट के सामने सुरेश नगर के पास थाठीपुर, वार्ड क्रमांक 23 में सुबह 11:30 बजे चमडा कारखाना कबीर कॉलोनी के पास मुरार, वार्ड क्रमांक 23 में दोपहर 12 बजे सखवार धर्मशाला गल्ला कोठार थाठीपुर वार्ड क्रमांक 57 में दोपहर 3 बजे में अम्बेडकर भवन बीजासेन मौहल्ला नाका चन्द्रवदनी में समता भोज का आयोजन किया जायेगा।

नवीन लैव एवं कैरियर काउंसिलिंग सेंटर शुरू

ग्वालियर। आरजेआईटी में 19 वीं बोर्ड ऑफ गवनर्स की मीटिंग हुई। बोर्ड ऑफ गवनर्स की मीटिंग में सीमा सुरक्षा बल के अन्तर्गत रूस्तम जी इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी संस्था के संबंध में अनेक निर्णय लिये गये। सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी की अध्यक्षता में बैठक में अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. शमशेर सिंह, डायरेक्टर, ए.बी.व्ही. ट्रिपल आई.टी.एम ग्वालियर प्रो. एस.एन. सिंह, . उपस्थित रहे।

बोर्ड ऑफ गवर्नस की नीटिंग में आरजेआईटी संस्था के हित में निर्णय पारित किये गये। इसमें प्रोफेसर सुधीर कुमार जैन को मुख्य सलाहकार बनाया गया। इस अवसर पर महानिदेशक चौधरी द्वारा मशीन लर्निंग डेटा साईंस लैब एवं कैरियर काउसिंलिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया। महानिदेशक चौधरी द्वारा संस्था में पदस्थ समस्त टीचिंग स्टॉफ के साथ मीटिंग की गई.

टेक्नोपर्व की स्टार नाइट में इंडियन आइडल फेम मयूरी साहा ने बिखेरा सुरों का जादू

आईपीएस कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, ग्वालियर में आयोजित तीन दिवसीय तकनीकी एवं सांस्कृतिक महोत्सव टेक्नोपर्व 2च्25 का समापन 12 अप्रैल को एक भव्य स्टार नाइट के साथ हुआ। इस विशेष संध्या की शोभा बढ़ाई इंडियन आइडल फेम मयूरी साहा ने, जिन्होंने अपनी सुरमयी आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्टार नाइट उस समय एक अविस्मरणीय अनुभव बन गई, जब इंडियन आइडल फेम मयूरी साहा ने मंच संभाला और अपनी मधुर आवाज में एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किए। उन्होंने बॉलीवुड के लोकप्रिय रोमांटिक गीत मेरे डोलना सुन दिल दिया गल्लां तुम ही हो सुन साथिया और लव यू जिंदगी आदि लोकप्रीय गीतो को बहुत ही भावुक और सजीव अंदाज में प्रस्तुत किया। उन्होंने बहुत पुराने गानों से लेकर नई पीढ़ी की नई पसंद तक सब प्रकार के गीतो को इस खूबी से गाया कि पूरा पंडाल उनके सुरों में डूब गया।

आम सूचना

एतद् द्वारा आम व खास को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रचना पत्नी श्री अनिल सिंह, निवासी - बड़ागाँव, आगरा (उ.प्र.) ने भावी बिक्रेतागण मनमोहन शर्मा पुत्र श्री ओमप्रकाश शर्मा एवं मुकेश सिंह पुत्र श्री महेन्द्र सिंह, निवासीगण सीताराम कॉलोनी, गॉले का मंदिर, ग्वालियर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक प्लॉट क्रमांक 33, क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट, सर्वे क्रमांक 446/2, 447 मिन, 480/2/2 एवं 488 का भाग, ग्राम ओडपुरा, श्रीजी विहार, तिघरा रोड, परगना व जिला ग्वालियर (म.प्र.) में स्थित है, जिसके पूर्व में प्लॉट क्र. 34, पश्चिम में रोड, उत्तर में प्लॉट क्रमांक 32 का भाग व दक्षिण में रास्ता, को क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्था के यहां ऋण हेतु आवेदन किया है जो विचाराधीन होकर उस पर ऋण देना प्रस्तावित है। भावी बिक्रेतागण मनमोहन शर्मा एवं मुकेश सिंह ने एक बड़ा भू भाग पूर्व स्वामी श्री राजेन्द्र गर्ग पुत्र श्री नारायणदास गर्ग से जर्ये रजिस्टर्ड बिक्रयपत्र दस्तावेज क्रमांक एमपी142602025ए1261502 व पंजीयन दिनांक 31.03.2025 के माध्यम से क्रय किया था पूर्व स्वामी राजेन्द्र गर्ग के अतिक्ति उक्त सर्वे क्रमांकों की भूमि के अन्य सहस्वामी है जिनकी आवेदिका के अनुसार कोई आपत्ति नहीं है। चूंकि आवेदिका उक्त संपत्ति को क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार से ऋण लेने जा रही है। यदि उक्त सर्वे क्रमांकों के सहस्वामी को उक्त संपत्ति के अंतरण एवं तदोपरांत् बंधक किये जाने से कोई आपत्ति हो तथा सहस्वामी के अलावा भी किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, किसी निकाय आदि को उपरोक्त प्रस्तावित बिक्रय एवं तदोपरांत् बंधक किये जाने से संबंधित कोई या कैसी वैधानिका आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस सूचना पत्र के प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मय प्रमाण के नीचे वर्णित पते पर प्रस्तुत करें अन्यथा मेरे पक्षकार वित्तीय संस्था के द्वारा द्वारा भावी ऋणी को ऋण प्रदान कर दिया जावेगा तथा समयोपरांत् कोई भी आपत्ति निरर्थक, शून्य होकर कतई स्वीकार योग्य नहीं होगी। दिनांक 12.04.2025

प्रेषक- गजेन्द्र कुमार भार्गव (एडवोकेट)
कार्या./नि.- हैदरगंज, मामा का बाजार, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.)
कार्या. समय : 7:00 से 9:00 (सुबह एवं शाम)
मो. 9301122311

संबंध विच्छेद आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती ऊषा राठौर पत्नी स्व. श्री राजेन्द्र राठौर निवासी-बेलदारपुरा, तिली फैक्ट्री के पास, लश्कर ग्वालियर के बड़े पुत्र सुरेश राठौर का विवाह कोमल मदने (राठौर) पुत्री श्री कैलाश मदने निवासी-सैनिक कॉलोनी, सिकंदर कम्पू, लश्कर, ग्वालियर के साथ दिनांक 29.06.2020 को सम्पन्न हुआ था। मेरी पक्षकारा की पुत्रवधू श्रीमती कोमल राठौर एवं पुत्र सुरेश राठौर का व्यवहार मेरी पक्षकारा एवं परिवारजनों के प्रति अत्यधिक क्रूरतापूर्ण हो गया था तथा मेरी पक्षकारा की पुत्रवधू रोजाना गृहक्लेश करती थी तथा मेरी पक्षकारा द्वारा समझाने पर कोमल राठौर एवं सुरेश राठौर दोनों आये दिन मेरी पक्षकारा से झगड़ा करते थे, इस कारण मेरी पक्षकारा ने अपने पुत्र सुरेश तथा पुत्रवधू को अपने घर से बेदखल कर दिया था तथा मेरी पक्षकारा का पुत्र सुरेश राठौर तथा पुत्रवधू श्रीमती कोमल राठौर किराये के मकान में पृथक निवास करने के लिये चले गये थे किन्तु कोमल के व्यवहार के कारण भवन स्वामी ने सुरेश राठौर व कोमल राठौर को किरायेदार रखने से मना कर दिया है तथा मकान खाली करा लिया है तथा वर्तमान में मेरा पुत्र सुरेश राठौर, कोमल राठौर के साथ अपनी ससुराल में निवास कर रहा है। मेरी पक्षकारा ने अपने पुत्र सुरेश राठौर तथा पुत्रवधू श्रीमती कोमल राठौर से अपने सामाजिक संबंध विच्छेद कर लिये हैं मेरी पक्षकार का अपने पुत्र सुरेश राठौर व पुत्रवधू कोमल राठौर से किसी भी प्रकार का कोई संबंध नही है।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा अपने पुत्र सुरेश राठौर तथा पुत्रवधू श्रीमती कोमल राठौर से समस्त संबंध विच्छेदित करती है तथा सूचित करती है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था अथवा निकाय सुरेश राठौर व पुत्रवधू श्रीमती कोमल राठौर से किसी प्रकार का लेन-देन न करें यदि कोई व्यक्ति, संस्था अथवा निकाय श्रीमती कोमल राठौर एवं सुरेश राठौर से किसी भी प्रकार का लेन देन करते हैं तो उसकी संपूर्ण जबाबदारी श्रीमती कोमल राठौर एवं सुरेश राठौर की होगी, मेरी पक्षकारा एवं उसके परिजनों से उसका कोई संबंध नहीं होगा। मेरी पक्षकारा का पुत्र सुरेश राठौर पूर्णतः अपनी पत्नी श्रीमती कोमल राठौर के कहने में है। यदि भविष्य में श्रीमती कोमल राठौर के किसी कृत्य के कारण मेरी पक्षकारा के पुत्र श्री सुरेश राठौर की शारीरिक, मानसिक अथवा आर्थिक रूप से क्षति होती है तो उसके लिये भी श्रीमती कोमल राठौर स्वयं जिम्मेदार होगी। अतः सूचित हो। दिनांक 12.04.2025

प्रेषक-श्रीमती ऊषा राठौर पत्नी स्व. श्री राजेन्द्र राठौर निवासी-बेलदारपुरा, तिली फैक्ट्री के पास, लश्कर ग्वा.

द्वारा-**अशोक खेडकर** (एडवोकेट)
मैना वाली गली, होल्ड हाईकोर्ट के सामने, लश्कर, ग्वालियर मो.- 9329572360

नाम परिवर्तनसूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **भूपेन्द्र कुमार शर्मा** पुत्र श्री बनवारीलाल शर्मा निवासी एस.पी. बंगले के सामने गायत्री कॉलोनी, मुरैना म.प्र. शपथपूर्वक सत्य कथन करता हूं कि मेरे पासपोर्ट क्रं. ई0427876 में मेरा नाम **भूपेन्द्र कुमार** व पिता का नाम शर्मा बनवारीलाल अंकित हो गया है, जो गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड में मेरा नाम **भूपेन्द्र कुमार शर्मा** पुत्र श्री बनवारीलाल शर्मा दर्ज है, जो पूर्णतः सही और सत्य है। अतएव मेरे पासपोर्ट में **भूपेन्द्र कुमार** पुत्र शर्मा बनवारीलाल के स्थान पर मेरा सही व वास्तविक नाम **भूपेन्द्र कुमार शर्मा** पुत्र श्री बनवारीलाल शर्मा दर्ज कर मान्य किया जावे।

सूचनाकर्ता
भूपेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री बनवारीलाल शर्मा निवासी एस.पी. बंगले के सामने, गायत्री कॉलोनी, मुरैना म.प्र. 476001

नाम परिवर्तन सूचना

मैं मंजू कुमारी चाहर, आर्मी नं. JC 699033H सूबेदार/नरसिंग तकनीशियन विनोद कुमार की पत्नी, गांव- सौनिगा, कागारोल, किरावली, आगरा, उत्तर प्रदेश पिन कोड संख्या - 283119 की निवासी हूं। मैं अपना नाम मंजू कुमारी चाहर से मंजू कुमारी में हलफनामा संख्या BS082889 दिनांक 09.04.2025 के तहत मुरार ग्वालियर के मध्य प्रदेश के समक्ष परिवर्तित कर लिया है।

कार्यालय नगर परिषद कोलारस जिला-शिवपुरी (म.प्र.)

Email id : cmokolaras@mpurban.gov.in
क्र./न.प./2025/166 कोलारस, दिनांक 17/03/2025

द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा फर्मों/सप्लायरों को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद कार्यालय द्वारा ई-टेण्डर के माध्यम से तालिका में वर्णित कार्य हेतु दरें आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम	टेण्डर नं.	अनुमानित लागत	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य की अवधि
वित्तीय वर्ष 2025-2026 में विभिन्न कार्यों हेतु वाहनों की दरें आमंत्रण	2025_UAD_410549_2	9.00 लाख	9000/-	2000/-	12 माह

शर्तें:-निविदा प्रपत्र एवं दर ऑफर ऑनलाईन निविदा प्रकाशन से दिनांक 18/04/2024 को सायं 05:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। निविदा में किया गया कोई भी संशोधन बेवसाईट पर किया जावेगा। पृथक से कोई भी प्रकाशन नहीं किया जावेगा. अतः संबंधित जानकारी उक्त बेवसाईट पर देखी जावे, निविदा से संबंधित अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में संबंधित जानकारी शाखा में देखी जा सकती है। उपरोक्त निविदा सूचना विभाग की बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

अध्यक्ष
नगर परिषद कोलारस

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कोलारस

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड भिण्ड

फोन नम्बर 07534-244633 ईमेल नम्बर eephedbhi@nic.in
क्रमांक...../2025/लेखा/का.यां./लो.स्वा.यां./भिण्ड दिनांक...

ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना

इस कार्यालय द्वारा निम्न कार्य की ऑनलाईन निविदा बेवसाईट http://mptender.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 25.04.2025 को सायं 05:30 बजे तक क्रय एवं ऑनलाईन प्रस्तुत किया जा सकेंगे। कार्य विस्तृत विवरण निम्नानुसार है. भविष्य में निविदा में होने वाले संशोधन बेवसाइट http://mptender.gov.in पर देखे जा सकेंगे। पृथक से सूचित नहीं किया जा सकेगा.

क्र.	सिस्टम क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	निविदा की लागत (रु. में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र की कीमत (रुपये)	कार्यपूर्ण करने की अवधि
1.	2025_PHED_412448_1	13	भिण्ड जिले के विकास खण्ड मेहगांव में 400×200 एमएम के 90 मी. गहरे नलकूप खनन कार्य। 5 नग	10.43	20860	2000	1 माह
2.	2025_PHED_412449_1	14	भिण्ड जिले के विकास खण्ड भिण्ड में 400×200 एमएम के 90 मी. गहरे नलकूप खनन कार्य। 5 नग	10.43	20860	2000	1 माह
3.	2025_PHED_412451_1	15	भिण्ड जिले के विकास खण्ड गोहद में 400×200 एमएम के 90 मी. गहरे नलकूप खनन कार्य। 5 नग	10.43	20860	2000	1 माह
4.	2025_PHED_412452_1	16	भिण्ड जिले के विकास खण्ड लहार में 400×200 एमएम के 90 मी. गहरे नलकूप खनन कार्य। 5 नग	10.43	20860	2000	1 माह
5.	2025_PHED_412453_1	17	भिण्ड जिले के उप खण्ड रौन में 400×200 एमएम के 90 मी. गहरे नलकूप खनन कार्य। 5 नग	10.43	20860	2000	1 माह
6.	2025_PHED_412454_1	18	भिण्ड जिले के उप खण्ड अटेर में 400×200 एमएम के 90 मी. गहरे नलकूप खनन कार्य। 5 नग	10.43	20860	2000	1 माह

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड भिण्ड (म.प्र.)

G-11440/25

नामांकन विज्ञप्ति/